# 'पोस्टल बैलेट से मतदान के दौरान गोपनीयता का विशेष ध्यान रखे'

**बूंदी,** (निसं)। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में नियुक्त मतदान कार्मिकों के लिए सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलट से मतदान करवाने के लिए नियुक्त कार्मिकों का प्रशिक्षण मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार बूंदी में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए अक्षय गोदारा ने मत की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखे जाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) एवं डाक मतपत्र प्रभारी नवरत्न कोली ने सभी कार्मिकों को ठीक प्रकार से दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करने एवं प्रत्येक दिवस आनलाइन पोस्टल बडी एप के माध्यम से उस दिन कुल डाले गए मतपत्र का मिलान करने की बात कही।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को जिला निर्वाचन अधिकारी बूंदी ने सम्बोधित किया।

■ पोस्टल बैलट से मतदान करवाने के लिए नियुक्त कार्मिकों का प्रशिक्षण को कलेक्ट्रेट सभागार बूंदी में आयोजित हुआ

उन्होंने कहा कि, 6 अप्रैल को पुलिस ऑडिटोरियम में स्थापित सुविधा केंद्रों पर प्रथम चरण की लोकसभा चुनाव में पंजीकृत डाक मत पत्र आवेदनकर्ताओं- पुलिस कार्मिक, आरएसी समस्त सिविल कार्मिकों का डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान प्रात: 9 बजे से सायं 6 बजे तक करवाया जाएगा। प्रशिक्षण में 80 कार्मिकों ने अपनी उपस्थिति दी। इस दौरान सहप्रभारी पोस्टल बैलट भेरू प्रकाश नागर भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सहायक प्रभारी चंद्र प्रकाश राठौर व नवनीत जैन के द्वारा सभी नियुक्त दल में प्रत्येक अधिकारी, कार्मिक, पीआरओ, पीओ प्रथम पीओ द्वितीय व पीओ तृतीय के अलग-अलग कार्यों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## आरपीसी उपाध्यक्ष का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान फार्मेसी काउंसिल, जयपुर (आरपीसी) के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल निजी दौरे पर कोटा पधारने पर फार्मा यूथ वेलफेयर संस्थान के फार्मासिस्टों द्वारा स्वागत किया कर फार्मासिस्टो की समस्याओ से अवगत करवाया। संस्थान प्रदेश संयोजक हर्षित गौतम के नेतृत्व में आज पदाधिकारियों द्वारा कोटा दोरे पर आये राजस्थान फार्मेसी काउंसिल जयपुर के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल का निजी होटल पर माला इवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आरपीसी में हाल हीं में रजिस्ट्रार की नियुक्ति करवाने पर भी अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया।इसके अलावा फार्मासिस्ट भर्ती-2023, फार्मासिस्ट पंजीकरण, नवीनीकरण सहित अन्य फार्मासिस्टों के मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर फार्मा यूथ वेलफेयर संस्थान के गिरिराज , गौरव गोयल, शुभम व्यास, दोपेन्द्र,महेंद्र पारेता, सत्यनारायण नागर सहित अन्य मोजूद रहे।

## विद्यालय में बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता आयोजित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिर केलखेड़ी की विज्ञान प्रमुख एवं शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी नेहा गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विद्यालय में बाल वैज्ञानिक बनो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें भैया - बहिनों ने 370 विज्ञान मॉडल बना कर अपनी वैज्ञानिकी एवं तकनीकी सोच एवं प्रतिभा का परिचय दिया। भैया-बहिनों ने एक से बढ़कर एक

वर्किंग एवं नोन वर्किंग साईंस बनाए तथा उनका प्रदर्शन एवं प्रस्तुतिकरण बहुत ही प्रभावी ढंग से किया और बताया कि किस प्रकार मॉडल बनाए तथा कार्य करते हैं यह मॉडलस् रासायनिक , भौतिकी , जैव विज्ञान तथा कृषि विज्ञान पर आधारित रहे। जिसमे विज्ञान की अधिकांश शाखाओं का समावेश रहा।प्रतियोगिता के निर्णायक दल विद्यालय के

■ 370 विज्ञान मॉडल बना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

प्रधानाचार्य हरिसिंह गोचर, विज्ञान प्रमुख नेहा गौतम, अरविंद गुर्जर एवं नितेश नागर रहे इन्होंने भैया बहिनों के मॉडलस् का निरीक्षण कर संबंधित प्रश्न पूछे एवं भैया बहिनों को प्रोत्साहित किया तथा विजेता रहे भैया बहिनों को वंदना सत्र में पुरुस्कृत करने की घोषणा की।प्रतियोगिता के अंत में नेहा गौतम ने निर्णायक दल का आभार व्यक्त किया तथा भैया बहिनों को उनके वैज्ञानिक भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कहा कि प्रतिभा सभी में होती है जरूरत है कि उन्हें उचित समय पर तराशा जाए तथा "जय जवान जय किसान जय विज्ञान" के नारे के साथ प्रतियोगिता का समापन किया।

# कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**बारां** (का.स)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं जिम्मेदारियों को लेकर झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी मती उर्मिला जैन भाया द्वारा वंष गार्डन में कांग्रेसजनों की बैठक ली गई। इस दौरान बारां-अटरू के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल, कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाष जैन, सेवादल जिलाध्यक्ष षिवषंकर यादव एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेष वर्मा भी मंचासीन रही।

कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाष जैन ने बताया कि, लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं कांग्रेसजनों को चुनाव संबंधित जिम्मेदारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्षदों सहित कांग्रेसजनों ने भाग लिया। बैठक को पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष षिवषंकर यादव, महिला जिलाध्यक्ष बृजेष वर्मा द्वारा भी



लोकसभा चुनाव को लेकर वंष गार्डन में आयोजित बैठक में मंचासीन उर्मिला जैन भाया एवं अन्य पदाधिकारी।

सम्बोधित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए लोकसभा क्षेत्र झालावाड-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याषी मती उर्मिला जैन

■ कार्यक्ताओं को जिम्मेदारियों का वितरण किया

भाया ने कहा कि, यह चुनाव कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरी दमदारी के साथ लडा जाएगा। प्रत्येक कांग्रेसजन अपने-अपने बूथ को जीताने के लिए एक-एक मतदाता को भाजपा सरकार की विफलताओं के बारे में बताते हुए आमजन के हितों तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाए। मती भाया ने लोकसभा चुनावों को लेकर बारां शहर के कांग्रेसजनों एवं वार्ड पार्षदों को चुनाव संबंधित उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंपी तथा पूरे तन-मन से कांग्रेस पार्टी का कार्य करते हुए उन्हें विजयी बनाने की अपील की गई।

## दूरबीन द्वारा फेफड़ो व टीवी का उपचार

**कोटा,** (निसं)। वर्षो से सामान्य टीबी एवं निमोनिया की दवा खा रहे मरीज का फेफड़ो में दूरबीन डाल कर टीबी का उपचार किया। 79 वर्षीय बृज मोहन (बदला हुआ नाम) जो कि पिछले 3 वर्ष सें खांसी, बुखार, सीने में दर्द एवं श्वांस की वजह से परेशान थे और सामान्य टीबी एवं निमोनिया की दवा खा रहे थे। लगातार दवा लेने के बावजूद उनके स्वास्थ्य एवं लक्षणों में कोई सुधार नहीं आया एवं स्थिति खराब होती जा रही थी, ऐसे में मरीज ने श्रीजी हॉस्पिटल (ए यूनिट ऑफ कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट) में डॉ. विदित सक्सैना पल्मोनोलॉजिस्ट एवं इंटरवेशलिस्ट को दिखाया, जिन्होने मरीज की दूरबीन द्वारा फेफड़ो की जांच की एवं कफ को ड्रग रेसिस्टेंस की जांच (लेबोरेटरी) के लिये भेजा। परिणामस्वरूप पायराजिनामाइड रेसिस्टेंस टीबी के बारे में पता चला जो कि बहुत दुर्लभ प्रकार की टीबी होती है। इसके पश्चात् मरीज का ईलाज निर्धारित किया गया और उपचार के तहत मरीज स्वस्थ है। श्रीजी हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि ड्रग रेसिस्टेंस जो कि एक दुर्लभ प्रकार की टीबी होती है।

# 'हाडौती क्षेत्र के सभी व्यापार महासंघों का एक संयुक्त व्यापार महा संगठन का गठन किया जाए'

**कोटा,** (निसं)। व्यापार महासंघ इटावा का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन इटावा में स्थित वृंदावन गार्डन में संपन्न हुआ जिसमें व्यापार महासंघ इटावा के तत्वाधान में क्षेत्रीय व्यापार महासंघों का व्यापारिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। व्यापार महासंघ इटावा के संयोजक विष्णु गोयल एवं सहसंयोजक भवानी शंकर सोनी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी थे समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका इटावा अध्यक्ष रजनी सोनी ने की ।

इस होली मिलन समारोह एवं व्यापारिक सम्मेलन में में सुल्तानपुर व्यापार महासंघ दीगोद व्यापार महासंघ अयाना व्यापार महासंघ कैथून व्यापार महासंघ व्यापार महासंघ इटावा मंडावर व्यापार महासंघ के पदाधिकारी ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन एवं महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि पिछले वर्ष हाडोती के सभी कस्बो एवं शहरों ने कोटा व्यापार महासंघ की तर्ज पर सभी ट्रेडो एवं व्यवसाइयो की अलग-अलग संस्थाओं

■ व्यापार महासंघ इटावा का होली मिलन एवं व्यापारिक सम्मेलन सम्पन्न

द्वारा मिलकर अपने-अपने कस्बो एवं शहरों में व्यापार महासंघ का गठन किया जिसमें क्षेत्र के सभी संस्थाओं का समावेश किया गया जिससे सभी एक मंच के माध्यम से व्यापारी संगठित हो सके महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि कोटा व्यापार महासंघ द्वारा पिछले वर्ष से हाडोती क्षेत्र के सभी व्यापार महासंघो से संपर्क स्थापित किया जा रहा है जिसके तहत कोटा बूंदी बांरा झालावड़ रामगंजमंडी इटावा कैथून सांगोद सुल्तानपुर तालेड़ा आदि क्षेत्रों के व्यापार महासंघ के साथ निरंतर बैठकर आयोजित की जा रही है उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हाडोती क्षेत्र के समस्त व्यापार महासंघो की एक बैठक कोटा में आयोजित की जाएगी और उसमें हाडोती संयुक्त व्यापार महा संगठन के गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा इसके पश्चात कोटा में पूरी हाडोती के सभी व्यापारियों का एक वृहद व्यापारिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा

उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में व्यापार जगत को आ रही समस्याओं को लेकर क्षेत्र के सभी व्यापारियों एवं ट्रेड्रो को एकजुट रहना अति आवश्यक है जिससे क्षेत्र में व्यापार एवं औद्योगिक विकास के साथ-साथ व्यापार में आने वाली समस्याओं का सरकारी एवं प्रशासनिक स्तर पर निराकरण किया जा सवे। इस अवसर पर व्यापार महासंघ इटावा के संयोजक विष्णु गोयल एवं अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि कोटा व्यापार महासंघ आज राज्य का सबसे सशक्त व्यापारिक संगठन है व्यापार महासंघ इटावा का गठन भी उसी तर्ज पर किया गया है जिसमें क्षेत्र की सभी संस्थाओं एवं ट्रेड्रो को एकजुट करके व्यापार महासंघ इटावा का गठन किया गया आज छोटे-छोटे कस्बो शहरो में भी यही प्रक्रिया अपना कर व्यापार महासंघ का गठन किया जा रहा है कोटा व्यापार महासंघ का मार्गदर्शन सदैव हमें मिलता आ रहा है जब कभी भी हमें कोई समस्या आती है तो हमें कोटा व्यापार महासंघ का सदैव भरपूर सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता है हमारे द्वारा निरंतर इस बात को लेकर कोटा व्यापार महासंघ के पदाधिकारीयों से हाडोती संयुक्त व्यापार महा संगठन के गठन के लिए व्यापार महासंघ इटावा एवं क्षेत्र के सभी व्यापार महासंघ पूरी तरह से तैयार है ।

इस अवसर पर नगर पालिका इटावा कि अध्यक्ष रजनी सोनी ने कहा कि व्यापार महासंघ इटावा द्वारा कोरोना काल में जिस तरह से आमजन की सेवा की गई जिसने मानव सेवा का एक अनूठा उदाहरण पेश किया उन्होंने कहा इटावा के व्यापार महासंघ द्वारा नगर पालिका को भरपूर सहयोग दिया जाता है जिससे क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी मिलकर कार्य करते हैं सम्मेलन में सभी व्यापारियों ने आने वाले लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया एवं सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर शानदार हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें कवि बाबूलाल बजांरा गोविन्द हाकला भूपेन्द्र राठौर अजय हिन्दुस्तानी नैना नसीब ने काव्य पाठ किया।

## यूटीएस मोबाइल ऐप हुआ लोकप्रिय

**कोटा,** (निसं)। अनारक्षित टिकट यात्रियों के समय की बचत और लाइन में लगने की झंझट से निजात दिलाने के उद्देश्य से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक रोहित मालवीय के निर्देशन में वाणिज्य रेल कर्मियों द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप का उपयोग करने के लिए मंडल में चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप कोटा रेल मंडल में गत वितीय वर्ष 2023-24 में 9.32 लाख यात्रियों ने इस मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को रुपये 2.5 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त मिला। कोटा मंडल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा उपलब्ध है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप शुरू करने का मकसद डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करना, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रोहित मालवीय नें अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे मोबाइल टिकटिंग पर यूटीएस का उपयोग ले और उपयोग से जुडे हितों का लाभ उठाएं।

## भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त

**बून्दी,** (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 व आदर्श आचार संहिता के तहत की गई कार्यवाही में बूंदी जिला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 3.59 लाख की नकदी जब्त करते हुए अवैध बजरी के 3 डम्पर व 2 ट्रेलर भी जब्त किए। वहीं बड़ी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री को भी जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो सहित आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि परडाबी व नमाना पुलिस टीम ने अवैध विस्फोटक सामग्री के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2097 जिलेटिन छड़े व फ्यूज वायर सहित परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप जप्त की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डाबी थानाधिकारी द्वारा गश्त एवं चैकिंग के दौरान राजेश उर्फ राजु जाट निवासी महुआ खुर्द थाना बनेडा जिला भीलवाडा को अवैध विस्फोटक सामग्री के 2000 जिलेटिन छड़े व 12 बंडल फ्यूज वायर व बोलेरो पिकअप कार सहित गिरफ्तार किया है। ऐसे ही पुलिस थाना नमाना की कार्यवाही में ग्राम गरडदा व पलका के बीच आम रोड पर एक व्यक्ति मोटरसाईकिल पर संदिग्ध सामग्री कट्टे में लेकर आता नजर आया जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर नाकाबंदी स्थल से पूर्व में ही मोटरसाईकिल से कट्टे को रोड पर नीचे पटक कर जंगल व रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। उक्त कट्टे को चैक किया तो विस्फोटक सामग्री अवैध 97 जिलेटिन की छड़े पाई गई। जिनको जप्त कर अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरू की,कार से 3.59 लाख की नकदी राशि की जब्त : -जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नाकाबन्दी के दौरान तालेड़ा थाना पुलिस टीम ने बल्लोप पुलिया के पास एक कार को रुकवाकर जांच की गई। जांच के दौरान उक्त कार में 3.59 लाख की नगदी मिली, जिसके बारे में कार चालक कोई सन्तोषजनक जवाब नही दे पाया और न ही नकदी के वैध दस्तावेज दिखा पाया। पूछताछ के बाद नगदी को जप्त कर जांच की जा रही हैं।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस थाना दबलाना एवं डीएसटी टीम बून्दी की संयुक्त कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते आरोपी बृजेश उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर 21 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया।तालेड़ा वृताधिकारी तरुणकान्त सोमाणी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए तालेडा थानाधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने तालेडा से 3 डम्पर मय अवैध बजरी के जप्त किये गये तथा डाबी थानाधिकारी अनिल जोशी ने 2 ट्रेलर मय बजरी के जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपी दोवनी थाना बडलिया निवासी रामपाल पुत्र नारायण , राम लाल पुत्र खेमा, मुकेश पुत्र अमर चन्द से पूछताछ की जा रही है।

# वॉकथॉन एवं मानव श्रृंखला बना कर मतदाताओं को संदेश दिया

**कोटा,**(निसं)। लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के प्रति शहरी उदासीनता को दूर करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार त्यागी की अगुवाई में जिला स्तरीय स्वीप गतिविधि अंतर्गत वॉकथॉन एवं मानव श्रृंखला का आयोजन कोटा शहर के मुख्य स्थान सेवन वंडर किशोर सागर तालाब की पाल से गुमानपुरा, मल्टीपरपज स्कूल, छावनी, कोटडी तक किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी रही।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चारुमित्रा सोनी ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। वॉकथॉन रैली में शहर के सभी विभागीय विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष सहित कार्मिकों, अधिकारियों ने भाग लिया। सेवन वंडर पर सभी कार्मिकों ने मानव श्रृंखला बनाई।

रैली में सम्मिलित पुरुष एवं महिला कार्मिकों ने मतदान का गीत "आयो वोटा रो त्यौहार" पर नृत्य किया तथा विभिन्न स्लोगन के माध्यम से



लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी रही।

मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 से सांय 6 बजे के मध्य मतदान करने का संदेश दिया। रैली स्थल पर नगर निगम द्वारा रंगोली बनाई गई तथा जिला परिषद् द्वारा सेल्फी पोइन्ट व फ्लेक्स, हस्ताक्षर बैनर भी लगाया गया। महिला कार्मिकों द्वारा सेल्फी पोइन्ट पर सेल्फी लेने में विशेष रुचि ली तथा हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर भी किये।

इसी श्रृंखला में स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत कोटा-बून्दी की दुग्ध उत्पादक सरस डेयरी में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी जिला परिषद् की स्वीप टीम के पुरुषोत्तम शर्मा, कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग के ऋषभ जैन तथा जिला उद्योग केन्द्र की टीम द्वारा मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न सिटीजन एप की जानकारी दी तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा रैली के दौरान ट्राफिक डाइवर्ट कर रैली का रास्ता सुगम बनाया गया इस दौरान व्यवस्था का कार्य सराहनीय रहा।

## सार-समाचार

### मतदान करने की शपथ दिलवाई



**छीपाबड़ौद,** (निसं)। जिला निर्वाचन एवं जिला कलक्टर बारां के निर्देशानुसार लोक सभा आम चुनाव 2024 हेतु मतदाताओ को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्धेश्य से आयोजित स्वीप गतिविघी अंतर्गत उपखण्ड कार्यालय मे आयोजित सभी मतदान केन्द्र के बीएलओ की बैठक में तहसीलदार राजवीर सिंह यादव द्वारा सभी बीएलओ को मतदाताओ को जागरूक करने 18 प्लस के नए मतदाताओ को मतदान सूची में नाम जुड़ने की सूचना देने एवं मतदान करने का संदेश देने के निर्देश दिए गए। बैठक के पश्चात तहसीलदार द्वारा सभी बीएलओ से मतदान करने की शपथ दिलवाई और मोबाइल पर निर्वाचन विभाग के महत्वपूर्ण एप जैसे सक्षम - केवाईसी के बारे मे जानकारी प्रदान करवाकर एप डाउनलोड करवाया गया मतदान करने हेतु संकल्प भरवाया गया।

### मंदिर का उद्घाटन आज

**कोटा,** (निसं)। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान जन्म कल्याण महोत्सव पर 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महावीर नगर द्वितीय संतशाला का लोकार्पण 03 अप्रैल बुधवार को किया जा रहा। मंदिर अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला होगे। अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक संदीप शर्मा,प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी , पार्षद गोपाल राम मंडा, योगेश राणा, रीटा सलूजा रहेगी। मंदिर समिति में महामंत्री विजय पोरवाल ने बताया कि इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन का स्वागत व सम्मान भी किया जाएगा। कोषाध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान जन्म कल्याण महोत्सव के तहत बुधवार प्रात:5.30 प्रभात फेरी, प्रात:7.30 शांतिधारा, प्रात: 8.00 आदिनाथ विधान, प्रात: 10.30 बजे हवन किया जाएगा उसके उपरान्त लोकसभा अध्यक्ष के कर कमलों से नवनिर्मित संतशाला का लोकार्पण किया जाएगा। गजेंद्र जैन, महावीर पाटनी व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर में हर सप्ताह रविवार को भक्तामर विधान का आयोजन किया जाता है। कई वर्षों से निरंतर जारी है। दशलक्षण पर्व, महावीर जयंती पर विशेष आयोजन होते हैं। यह खासियत है रखता है मंदिर अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि श्रद्धा व भक्ति का केन्द्र महावीर नगर द्वितिय का आदिनाथ जैन मंदिर जीर्णोद्धार के उपरान्त भव्य,आकर्षक व अति सुंदर हो गया है। मंदिर परिसर में भक्तामर स्त्रोत का चित्रों के साथ वर्णन है। अभय जैन व अशोक जैन ने बताया कि मंदिर में कुल 11 प्रतिमाएं हैं। प्रथम तल पर मूलनायक आदिनाथ भगवान विराजमान हैं। प्रतिमा की ऊंचाई करीब सवा छह फीट है। भगवान आदिनाथ के साथ शांतिनाथ तथा चौबीसी है। द्वितीय तल पर शेष प्रतिमाएं स्थापित की गई है।मंदिर का शिखर करीब 108 फीट ऊंचा है। यहां तड़ित चालक लगाकर आकाशीय बिजली से बचाव किया गया है। मंदिर का आवरण लाल पत्थर से निर्मित है,भीतर व्हाइट मार्बल है।

### तेज गर्मी से बचाव के होंगे समुचित प्रबंध

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा चुनाव मतदान के लिए कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी तेज गर्मी लू से बचाव के समुचित प्रबंध हेतु निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने, सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए छायादार स्थान एवं पर्याप्त कुर्सियों एवं साथ ही वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### आदिनाथ जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**बूंदी,** (निसं)। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म जयंती महोत्सव पर तीन अप्रैल को सिलोर आदिनाथ दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र समिति के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। तीर्थ क्षेत्र समिति अध्यक्ष टीकम जैन ने बताया कि प्रात: 8 बजे 108 कलशों से मस्तकाभिषेक, दोपहर को 1 बजे 48 महामंडलीय संगीतमय भक्तामर महामंडल विधान, 3 बजे जी अभिषेक व माल, सायं 4:30 वात्सल्य भोज व रात्रि 7 बजे संगीतमय भक्तामर पाठ और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। तीथ क्षेत्र समिति के मंत्री सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर ध्वजारोहण कर्ता विमल कटारिया बूंदी व मुख्य विधान पुण्यार्जक मनोज कोटिया अलोद वाले रहेंगे।

### मलेरिया क्रेश कार्यक्रम का निरीक्षण

**बून्दी,** (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए शुरू हुए मलेरिया क्रेश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बसौली सीएचसी का निरीक्षण कर कार्यक्रम की प्रगति की जांच की। डॉ. सामर ने बीसीएमओ डॉ राकेश कुमार एवं प्रभारी चिकित्सक से कार्यक्रम की सर्वे प्रगति को जाना और आशा, एएनएम, सीएचओ द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान डॉ सामर ने प्रत्येक रविवार सूखा दिवस मनाने और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी पर पर्याप्त संख्या में दवाइयां एवं संसाधन रखने के निर्देश दिए और रोगियों को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी एवं सम्पूर्ण उपचार देने की बात कही।

### मतदाता जागरूकता कैम्प आयोजित

**बून्दी,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के स्वीप कार्य योजना के अंतर्गत मंगलवार को मदरसा मोहम्मदिया, वार्ड नंबर 15, के पाटन, मदरसा पंजीयन संख्या 002 में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को बुलाकर लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान अवश्य करने हेतु मतदाता जागरूकता कैम्प आयोजित किया गया।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चन्द मीणा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्यनजर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कैंप आयोजित किया गया है। कैंप में अभिभावकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा मतदान दिवस को अधिक से अधिक मतदान करवाने हेतु प्रेरित किया।

### बांधे पक्षियों के लिए परिंडे

**कोटा,** (निसं)। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के महामंत्री अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की तलाश में भटकते प्यासे पक्षियों के लिए आर्य समाज कोटा द्वारा हर वर्ष की भांति परिंडे बांटो-बांधों अभियान का प्रारंभ मंगलवार को संभागीय प्रधान अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व मे किया गया। संभागीय मंत्री लाल चन्द आर्य ने बताया कि आर्य समाज के प्रतिनिधियों, अरविन्द पाण्डेय, राधावल्लभ राठौर, किशन आर्य हरियाणा, नरेन्द्र शर्मा, संगीता आर्य, विमलेश आर्य, डॉ.अल्का गुप्ता, आशा यादव, प्रमीला गुप्ता, आदि अन्य ने अर्जुन देव चढ्डा के नेतृत्व मे रंगबाडी बालाजी मन्दिर पार्क क्षेत्र में मंत्रोचार के साथ मिट्टी के परिंडे बांधे। राधावल्लभ राठौर ने बताया कि आर्य समाज द्वारा शहर के अलग-अगल पार्को में भी परिंडे बांधे जाएगे।

### प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

**कोटा ,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव के लिए मंगलवार 2 अप्रेल को 4 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये। अब तक कुल 7 प्रत्याशियों द्वारा 8 नामांकन दाखिल किये गये हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को 4 अभ्यर्थियों सत्येन्द्र कुमार जैन, कैलाशी अनिल जैन व योगेश कुमार शर्मा ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया। इंडियन नेशनल कॉंग्रेस अभ्यर्थी के रूप में प्रहलाद गुंजल ने भी नामांकन भरा। रिटर्निंग अधिकारी कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने नामाकंन पत्र स्वीकार किये। इस तरह मंगलवार को कुल 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नामांकन पत्र भरे गये।